基層醫療指南
Primary Care Directory

# जनता के लिए प्राथमिक देखभाल निर्देशिका पर पूछे जाने वाले आम सवाल और जवाब

(जुलाई 2024 में संशोधित)

स्वास्थ्य ब्यूरो के प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा आयोग द्वारा तैयार

विषय वस्तु

**1. आम सवाल** 3

**1.1. प्राथमिक देखभाल क्या है?** 3

**1.2. प्राथमिक देखभाल निर्देशिका क्या है? 3** 3

**1.3. निर्देशिका में पंजीकरण के लिए कौन पात्र हैं?** 3

**1.4. मैं निर्देशिका का उपयोग कैसे कर सकता/ सकती हूँ?** 3

**1.5. निर्देशिका को कितनी बार अपडेट किया जा रहा है?** 3

**1.6. कुछ प्राथमिक देखभाल प्रदाताओं के नाम के पीछे कोष्ठक में दूसरा नाम क्यों है?** 4

**1.7. सरकार केवल निर्देशिका में सूचीबद् चिकित्सा वैद्यों को ही सरकारी सब्सिडी वाले प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रमों में भाग लेने की अनुमति क्यों देती है?**

4

**1.8. यदि मैं जिस चिकित्सक से नियमित रूप से परामर्श करता/ करती हूँ, वह निर्देशिका में सूचीबद्ध नहीं है, तो मेरा क्या होगा?**

4

**2. तकनीकी मामले** 5

**2.1. निर्देशिका का उपयोग करने के लिए प्रणाली (सिस्टम) की आवश्यकताएँ क्या हैं?** 5

**3. हमसे संपर्क करें** 5

**3.1. यदि मुझे और अधिक जानकारी की आवश्यकता हो तो मैं किससे संपर्क कर सकता/ सकती हूँ?** 5

# 1. सामान्य सवाल

## 1.1. प्राथमिक देखभाल क्या है?

प्राथमिक देखभाल संपूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में देखभाल के लिए पहला स्तर है और निरंतर स्वास्थ्य सेवा प्रक्रिया में व्यक्तियों और परिवारों के लिए संपर्क की पहली जगह है। प्राथमिक देखभाल सर्वसमावेशी, लोग-केंद्रित, निरंतर और समन्वित एंव निवारक देखभाल प्रदान करती है जो समुदाय के पास है जहाँ लोग रहते हैं और काम करते हैं।

प्राथमिक देखभाल आबादी के स्वास्थ्य में योगदान देती है और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला को सम्मिलित करती है जिसमें निम्न शामिल हैं:

- स्वास्थ्य प्रचार;
- तीव्र और स्थायी रोगों की रोकथाम;
- स्वास्थ्य जोखिम मूल्यांकन और रोग पहचान;
- तीव्र और स्थायी रोगों के लिए उपचार और देखभाल;
- स्व-प्रबंधन के लिए सहायता; और
- अपंगता या अंतिम चरण की बीमारियों के लिए पुनर्वास, सहायक और प्रशामक देखभाल।

## 1.2. प्राथमिक देखभाल निर्देशिका क्या है?

प्राथमिक देखभाल निर्देशिका (“निर्देशिका") एक वेब-आधारित इलेक्ट्रॉनिक डेटाबेस है जिसमें समुदाय में प्राथमिक देखभाल प्रदाताओं की काम संबंधित जानकारी और पेशेवर योग्यता शामिल है ताकि जनता अपने स्वयं के डॉक्टरों, दंत चिकित्सकों और चीनी चिकित्सा वैद्यों की खोज करने में सुविधा हो।

निर्देशिका को पहली बार अप्रैल 2011 में डॉक्टरों और दंत चिकित्सकों के लिए उप-निर्देशिकाओं के साथ लॉन्च की गई थी; इसके बाद चीनी चिकित्सा वैद्यों के लिए उप-निर्देशिका अक्टूबर 2012 में लॉन्च की गई।

## 1.3. निर्देशिका में दर्ज करवाने के लिए कौन पात्र हैं?

हांगकांग में पंजीकृत डॉक्टर, दंत चिकित्सक और अभ्यासरत चीनी चिकित्सा वैद्यों (CMP) जो सीधे सुलभ, व्यापक, निरंतर, समन्वित और लोग-केंद्रित प्राथमिक देखभाल सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, निर्देशिका में दर्ज करवाने के लिए पात्र हैं।

### 1.4. मैं निर्देशिका का उपयोग कैसे कर सकता/ सकती हूँ?

आप प्राथमिक देखभाल चिकित्सक, दंत चिकित्सक या चीनी चिकित्सा विशेषज्ञों (CMP) को ढूंढने के लिए निर्देशिका में खोज फंक्शन का उपयोग कर सकते हैं जो आपके चयन मानदंडों जैसे क्लिनिक का स्थान, क्लिनिक खुलने का समय इत्यादि के आधार पर आपके लिए उपयुक्त है।

यदि आपके पास पहले से ही अपने पारिवारिक चिकित्सक, दंत चिकित्सक या CMP हैं, तो आप निर्देशिका में उनकी अद्यतन जानकारी भी ढूंढ सकते हैं।

विवरण के लिए कृपया वेबसाइट पर “खोज प्रदर्शन” देखें।

### 1.5. निर्देशिका को कितनी बार अपडेट किया जा रहा है?

नामांकित प्राथमिक देखभाल प्रदाता किसी भी समय अपनी जानकारी को ऑनलाइन अपडेट कर सकते हैं। आप निर्देशिका में व्यक्तिगत प्राथमिक देखभाल प्रदाता के वेबपेज के नीचे दिखाए गए "अंतिम अपडेट की तिथि" की जांच कर सकते हैं।

### 1.6. कुछ प्राथमिक देखभाल प्रदाताओं के नाम के पीछे कोष्ठक में दूसरा नाम क्यों है?

डॉक्टरों और दंत चिकित्सकों के लिए कोष्ठक में दिखाया गया नाम आम तौर पर इस्तेमाल किया जाने वाला नाम या उनके ईसाई नाम है; जबकि चीनी चिकित्सा वैद्यों के लिए, कोष्ठक में दिखाया गया नाम "इस नाम से भी जाना जाता है" वह है, जो हांगकांग की चीनी चिकित्सा परिषद द्वारा बनाए गए चीनी चिकित्सा वैद्यों की सूची में शामिल है।

### 1.7. सरकार केवल निर्देशिका में सूचीबद्ध चिकित्सकों को ही सरकारी सब्सिडी वाले प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रमों में भाग लेने की अनुमति क्यों देती है?

सरकारी सब्सिडी वाले टीकाकरण सब्सिडी योजना, आवासीय देखभाल गृह टीकाकरण कार्यक्रम, जिला स्वास्थ्य केंद्र सेवाओं के साथ-साथ स्थायी रोग सह-देखभाल पायलट योजना में भाग लेने वाले चिकित्सा वैद्यों के लिए निर्देशिका में सूचीबद्ध होना आवश्यक है। प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा ब्लूप्रिंट प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाले सभी स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों को निर्देशिका में सूचीबद्ध होने के लिए सलाह देती है। सलाह के अलावा, सरकार ने 6 अक्टूबर 2023 से आरंभ होने वाले सभी सरकारी सब्सिडी वाले प्राथमिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों, जैसे कि वृद्धावस्था स्वास्थ्य देखभाल वाउचर योजना, कोलोरेक्टल कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम और सामान्य आउट पेशेंट क्लिनिक सार्वजनिक-निजी साझेदारी कार्यक्रम को शामिल करने के लिए संबंधित आवश्यकता को विस्तारित किया है। ऐसी विभिन्न सब्सिडी वाले कार्यक्रमों की सभी व्यवस्थाओं का ऐसा मानकीकरण यह सुनिश्चित कर सकता है कि कार्यक्रमों में भाग लेने वाले चिकित्सक अपने विषय से संबंधित निरंतर चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता आश्वासन में वृद्धि होगी। लंबे समय में, सरकार इस आवश्यकता के आवेदन को अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य पेशेवरों तक धीरे-धीरे लागू करेगी।

### 1.8. यदि मैं जिस चिकित्सक से नियमित रूप से परामर्श करता/ करती हूँ, वह निर्देशिका में सूचीबद्ध नहीं है, तो मेरा क्या होगा?

यदि आप नियमित रूप से परामर्श करने वाले चिकित्सा वैद्य दो महीने की रहत अवधि के अंत तक (अर्थात् 6 दिसंबर 2023 और इसके बाद) निर्देशिका में सूचीबद्ध नहीं होते हैं, तो वह अपने रोगियों को वृद्धावस्था स्वास्थ्य देखभाल वाउचर योजना, कोलोरेक्टल कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम और सामान्य आउट पेशेंट क्लिनिक सार्वजनिक-निजी साझेदारी कार्यक्रम के तहत सब्सिडी वाली सेवाएं प्रदान करने में सक्षम नहीं होगा/ होगी।

यदि आप उपर्युक्त सब्सिडी वाले कार्यक्रमों का लाभ उठा रहे हैं, तो आपको अपने चिकित्सा वैद्यों से पूछताछ करनी चाहिए या ऑनलाइन जांच करनी चाहिए (https://apps.pcdirectory.gov.hk/public/EN) कि क्या आपके चिकित्सक निर्देशिका में सूचीबद्ध हैं, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि आप भविष्य में उन्हीं चिकित्सा वैद्यों के माध्यम से प्रासंगिक सब्सिडी वाली सेवाएं प्राप्त करना जारी रख सकते हैं।

## 2. तकनीकी मामले

### 2.1. निर्देशिका का उपयोग करने के लिए कंप्यूटर प्रणाली (सिस्टम) की आवश्यकताएँ क्या हैं?

निर्देशिका आमतौर पर निम्नलिखित प्रमुख ऑपरेटिंग सिस्टम और ब्राउज़र के संयोजन में चलाया जा सकता है:

| | माइक्रोसॉफ्ट विंडोज 10 | मैक ऑपरेटिंग सिस्टम |
|---|---|---|
| माइक्रोसॉफ्ट एज | ✓ | |
| गूगल क्रोम | ✓ | ✓ |
| मोजिला फ़ायरफ़ॉक्स | ✓ | ✓ |
| सफारी | | ✓ |

सामान्यतः, आपको अपने ब्राउज़र में निम्नलिखित सॉफ्टवेयर आइटम को सक्षम करने की भी आवश्यकता होती है:

- जावास्क्रिप्ट
- कुकीज़
- TLS

## 3. हमसे संपर्क करें

### 3.1. यदि मुझे और अधिक जानकारी की आवश्यकता हो तो मैं किससे संपर्क कर सकता/ सकती हूँ?

आप स्वास्थ्य ब्यूरो के प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा आयोग से निम्नलिखित माध्यमों से संपर्क कर सकते हैं:

| | |
|---|---|
| टेलीफोन नंबर: | 3576 3658 |
| फैक्स नंबर: | 3583 4549 |
| ईमेल पता: | phcc@healthbureau.gov.hk |
| पता: | Primary Healthcare Commission<br>Health Bureau<br>The Government of the Hong Kong Special Administrative Region<br>Unit 1505-06, 15/F, THE HUB<br>23 Yip Kan Street, Wong Chuk Hang, Hong Kong |